मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक / बी–5 / 2 / एमआईएस / 2021–22 / 233 भोपाल दिनांक 15 फरवरी 2022

प्रति,

1/ संयुक्त संचालक / उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल / इंदौर / उज्जैन / ग्वालियर / सागर / जबलपुर / रीवा (म0प्र0)

2/ भारसाधक अधिकारी / सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति,
समस्त जिला समस्त (म0प्र0)

विषयः–ई–(मण्डी) अनुज्ञा पोर्टल पर सभी प्रकार की आवक एवं मण्डी शुल्क की जानकारी दर्ज करने संबंधी।

–0–

प्रदेश की मण्डी समितियों में समर्थन मूल्य पर उपार्जित मात्रा एवं व्यापारी द्वारा क्रय मात्रा तथा उस पर प्राप्त मण्डी शुल्क की जानकारी ई–(मण्डी) अनुज्ञा पोर्टल पर दर्ज किये जाने हेतु मण्डी सचिव के लॉगिन पर निम्नानुसार प्रविष्टि स्क्रीन उपलब्ध कराई गई है :–

1/ मण्डी सचिव लॉगिन की प्रविष्टि स्क्रीन के बिन्दु क्रमांक "6. का चयन कर सभी मण्डी समितियॉ अपनी मण्डी की माहवार समर्थन मूल्य पर उपार्जित मात्रा एवं व्यापारी द्वारा क्रय मात्रा एवं उस पर प्राप्त मण्डी फीस की "माह अप्रेल 2021 से जनवरी 2022 तक" की अवधि की माहवार (अप्रेल, मई, जून ....जनवरी) जानकारियॉ पृथक पृथक रुप से दर्ज कर पूर्ण करेंगी व सत्यापित करेंगी। यह कार्य तत्परता से पूर्ण किया जाये।

2/ मण्डी सचिव लॉगिन की प्रविष्टि स्क्रीन के बिन्दु क्रमांक "7. का चयन कर सभी मण्डी समितियॉ अपनी मण्डी की माह फरवरी 2022 से दिनांकवार (माह फरवरी 1, 2, 3, 4......10) समर्थन मूल्य पर उपार्जित मात्रा एवं व्यापारी द्वारा क्रय मात्रा एवं उस पर प्राप्त मण्डी फीस की" जानकारी दर्ज करेंगी अर्थात चालू दिवस की जानकारी ठीक अगले कार्य दिवस में (दिनांक 01 / 02 / 2022 की जानकारी 02 / 02 / 2022 को) दैनिक रुप से दर्ज कर सत्यापित की जावेगी एवं यह प्रकिया निरंतर दौहराई जायेगी। यह ध्यान रहे कि उपरोक्त जानकारी के सत्यापन उपरांत अब मण्डी स्तर से सुधार यथा संशोधन की कोई कार्यवाही नहीं की जा सकेगी।

उपरोक्त कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांत यह जानकारी अंचल कार्यालय के लॉगिन आई.डी. पर प्रदर्शित होगी, अंचल कार्यालय द्वारा इसकी जांच, मिलान, सुधार, संशोधन उपरांत सत्यापन किया जावेगा तत्पश्चात यह जानकारी अंतिम रुप से मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल की लॉगिन आई. डी. पर प्रदर्शित होने लगेगी।

Sandeep

अतः निर्देशित किया जाता है कि अंचल की समस्त मण्डी समितियों से उपरोक्तानुसार माहवार एवं दैनिक जानकारी नियमित रुप से प्रति कार्य दिवस ई–अनुज्ञा पोर्टल पर दर्ज की जाना सुनिश्चित करायें/करें। मण्डी स्तर पर कार्य संचालन में सुविधा की दृष्टि से इस प्रकिया का यूजर मेनुअल ई–अनुज्ञा पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया गया है।

(विकास नरवाल)
आयुक्त मण्डी सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

कमांक/बी–5/2/एमआईएस/2021–22/234 भोपाल दिनांक 15 फरवरी 2022

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) निज सहायक, प्रबंध संचालक के मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(02) अपर संचालक (नियमन), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(03) श्री मुर्शरफ सुल्तान, तकनीकी निदेशक भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(04) उप संचालक (ई–अनुज्ञा), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

आयुक्त मण्डी सह प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल